Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 10-02-2022 | अंक 137

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# समाजसेविका शकुंतला शरण की पुण्य तिथि पर 15 को होगा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन


## मेडिका हॉस्पिटल रांची के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ महेश कुशवाहा करेंगे जांच व इलाज, स्थान: संगीता पॉली क्लिनिक हजारीबाग रोड बरही, पंजीयन का समय : 08 बजे सुबह से संपर्क सूत्र 9708506491, 7970765002

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



डॉ संगीता चौधरी ( अध्यक्षा)






डॉ प्रकाश ज्ञानी
फिजिसियन

समाजसेविका एवं बरही अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी के माता जी शंकुतला शरण की 14 वीं पुण्य तिथि के अवसर पर शंकुतला शरण मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से संगीता पॉली क्लीनिक में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन 15 फरवरी को आयोजित होगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए ट्रस्ट की अध्यक्षा डॉ संगीता चौधरी ने बताया कि 15 फरवरी को आयोजित हेल्थ कैम्प में ब्लड सुगर, बीपी, हार्ट रोग की जांच एवं इलाज किया जाएगा। ईसीजी एवं न्यूरोपैथी की भी व्यवस्था होगी। मेडिका हा. ॅस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ महेश कुशवाहा एवं सुगर एवं बीपी रोग विशेषज्ञ डॉ प्रकाश ज्ञानी जांच एवं इलाज करेंगे। ट्रस्ट के सचिव महेंद्र प्रसाद दूबे ने कहा कि शकुंतला शरण मेमोरियल ट्रस्ट हमेशा से ही स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करता रहा है। जांच शिविर आयोजित कर ट्रस्ट अब तक हज़ारों लोगों को स्वास्थ्य जांच व इलाज निशुल्क किया है। श्री दुबे ने आम लोगों से अपील किया है कि बीपी, सुगर, एवम हृदय रोग से पीड़ित रोगी हज़ारीबाग़ रोड स्थित संगीता पॉली क्लीनिक में 15 फरवरी को आकर निशुल्क जांच करा सकते हैं। ट्रस्ट की सक्रिय सदस्या उषा रानी ने बताया कि 15 फरवरी को शकुंतला शरण मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से शकुंतला शरण जी की 14 वीं पुण्य तिथि मनाई जाएगी। 15 फरवरी को सुबह 10 बजे से जांच शिविर आयोजित होगा। इच्छुक लोग मोबाइल नंबर 9708506491, 7970765002 पर सम्पर्क कर अपना पंजीयन करवा सकते हैं।

# दोषियों को जल्द गिरफ्तार करे प्रशासन : प्रदीप पांडेय

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता प्रदीप कुमार पांडेय ने कहा कि बीते रविवार की शाम माँ सरस्वती प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो पक्षों के बीच हुई हिंसक झड़प में रूपेश पांडेय की हत्या हो गई थी। जिसे लेकर उन्होंने बरही प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले ताकि भविष्य में किसी माँ का गोदए किसी बहन के भाई की कलाई और किसी का चिराग न बुझे।

APEM LIVE

# पीड़ित के परिजनों से मिले प्रदेश भाजपा मीडिया सह प्रभारी रंजीत चन्द्रवंशी कहा हत्यारों को मिले फांसी की सजा

## पीड़ित परिवार से मिलने शुक्रवार को बरही आएंगे पुर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही के दुलमाहा में हुई रूपेश पांडेय हत्याकांड के बाद गुरुवार को भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी स्व रूपेश पांडेय के आवास करियातपुर नईटांड़ पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार को इस दुःख की घड़ी में विवेक धारण करने की बात कही। उन्होंने कहा कि रूपेश सिर्फ आपका बेटा नही थाए हमलोगों का भी भाई था। उनके हत्यारों को फांसी की सजा मिलेगी एवं हमसब को न्याय मिलेगा। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि यह प्रदेश सरकार की उदासीनता



है कि घटना के इतने दिन बीत जाने के बाद भी अब तक दोषियों की गिरफ्तारी नही हो पायी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा भी अब तक इस मामले में अपनी प्ऱ्षयों को जल्द गिरफ्तार करे प्रशासनः प्रदीप पांडेय

APEM LIVE

9122222016 बिरेन्द्र कुमार

महालक्ष्मी फर्नीचर

जो सजाए आपके सपनों का घर...

डबल बेड, सिंगल बेड, दीवान, सोफा, कुर्सी, ड्रेसिंग, डाइनिंग टेबल इत्यादि।

सस्ता एवं फैन्सी फर्नीचर का बेहतरीन कलेक्शन




ATM

ग्राहक सेवा केन्द्र

स्टूडियो एवं फोटोकॉपी

## श्री श्री 108 रुद्र महायज्ञ सह सकल शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा आज

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



केदारुत पंचायत के कटियोन गांव में समजसेवी रामवृक्ष सिंह के वितीय सहयोग से बना शिव परिवार मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्री श्री 108 रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। 11 फरवरी को कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश स्थापना के साथ ही पांच दिवसीय यज्ञ का शुभा. रंभ होगा। इस बाबत महायज्ञ के आयोजन कर्ता रामवृक्ष सिंह ने बताया कि पांच दिनों तक चलने वाले कार्यक्रम में वैदिक कार्यक्रम तय किया गया गया। तय कार्यक्रम के अनुसार 11 फरवरी को कलश यात्रा, पंचाग पूजन, मंडप प्रवेश एवं आरती के साथ प्रवचन, 12 फरवरी को वेद पाठ, वैदि पूजन, संध्या आरती, जल अधिवास, अन्न अधिवास, पुष्प अधिवास, फल अधिवास, 13 फरवरी को प्रातः वेद पाठ, मंडप पूजन, नगर भ्रमण एवं शैया अधिवास, 14 फरवरी को पूजन पाठ के साथ शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा एवं संध्या विराट जागरण एवम 15 फरवरी को यज्ञ की पूर्णाहुति, महा प्रसाद वितरण के साथ समापन का कार्यक्रम होगा। यज्ञ को सफल बनाने में समाजसेवी प्रदुम्न सिंह, सतेंद्र सिंह, लोकेश सिंह सहित कटियोन ग्राम के सभी ग्रामीण लगे हुए हैं।

## चोरों ने तीन घरों का तोड़ा ताला

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा : प्रखंड अंतर्गत ग्राम बरियौन में सोमवार की रात विनोद सिंह पिता-स्वर्गीय दशरथ सिंह के घर में घुस कर बंद बकसा का ताला तोड़ कर एक बकसा,टोलि बेग,उठा ले गए।विनोद सिंह ने बताया कि लगभग एक लाख रुपये एवं जेवरात, एवं कुछ जरूरी कागजात थे।जो ले गए।बकसा घर से लगभग पांच सौ मिटर के दुरी पर फेंक दिया गया था।जागेश्वर साव पिता स्वर्गीय टोकन साव के दुकान का ताला तोड़कर खाने पिने का सामान ले गए।वहीं बुटाली सिंह पिता स्वर्गीय रुदन सिंह का घर का ताला तोडा गया।मौके पर पहुंची पुलिस और पुछ ताछ कर रही हैं।

## रूपेश पांडेय के हत्यारों को मिले फांसी की सजा कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार के साथ : अवधेश सिंह

### कॉंग्रेस जिला अध्यक्ष ने की बरही में प्रेस वार्ता कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की माँग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


प्रेस वार्ता करते जिलाध्यक्ष अवधेश सिंह

कॉंग्रेस जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह ने रुपेश पांडेय हत्याकांड को लेकर प्रखंड कार्यालय में प्रेस वार्ता की। उन्होंने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि बरही अंतर्गत दुलमहा में बीते रविवार को प्रतिमा विसर्जन के दौरान जो घटना घटी है। यह एक हृदय विदारक घटना है। मैं इस घटना से काफी मर्माहत हुँ। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि रुपेश पांडेय के परिजनों से मिलने के बाद पता चला कि वह घर का इकलौता चिराग था। उन्होंने पुलिस प्रशासन पर उदासीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि नामजद अभियुक्तों में मात्र चार की ही गिरफ्तारी हुई है। जबकि हत्याकांड में कई लोग शामिल थे। घटना में संलिप्त अन्य अभियुक्तों को पुलिस जल्द गिरफ्तार करे। अन्यथा कांग्रेस पार्टी आंदोलन करेगी। क्योंकि हत्या जैसे जघन्य अपराध करने वाले अपराधी की कोई जाति नही होती। वह केवल और केवल समाज का दुश्मन होता है। ऐसे लोगो को सजा दिलाना हम सबकी जिम्मेवारी है। उन्होंने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया कि आपको न्याय दिलाने के लिए हम सभी तत्पर है और आपको अवश्य न्याय मिलेगा। कॉंग्रेस जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह ने बरही में प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष ज्वाहर लाल सिन्हा, संजय तिवारी महामंत्री, प्रदेश प्रतिनिधि शशि मोहन सिंह, केडी सिंह, जिला महामंत्री शिव नंदन साहू, जिला महासचिव अब्दुल मन्नान वारसी, विधायक प्रतिनिधि सह जिला महासचिव बिनोद यादव, ओबीसी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सुनील साहू, कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह मुख्य रुप से मौजूद थे।

## चलकुशा में एंबुलेंस सेवा का मिलेगा उचित लाभ

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा : प्रखंड के लोगों को प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी एवं अंचल अधिकारी शशि कांत सिंकर के देख रेख में चलकुशा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे खराब पडे एंबुलेंस को बनाया गया।एवं वाहन चालक बहाल किया गया हैं।जिससे प्रखंड के लोगों को एंबुलेंस सेवा का लाभ मिल सके।एंबुलेंस सेवा के लिए मोवाइल 8434548631, थाना प्रभारी 7488890971 हॉस्पिटल,9918844632 पर फोन कर उचित भाडे पर लाभ ले सकते है। एंबुलेंस सेवा चलकुशा प्रखंड के 9 पंचायत में प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक किया गया।

## नेहरू युवा केन्द्र के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**




चलकुशा : प्रखंड में नेहरु युवा केन्द्र हज़ारीबाग के तत्वावधान से चलकुशा प्रखंड के मनैया पंचायत में डिजिटल अभिनंदन बैंक मित्रा कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक छोटी लाल कुमार सिंह एवं सचिन कुमार ने किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधानाध्यापक ब्रह्मदेव रजक विशिष्ट अतिथि शिक्षक असगर अंसारी समाजसेवी अरविंद चौधरी प्रमोद यादव उपस्थित थे। मुख्य अतिथि प्रधानाध्यापक ने युवाओं को डिजिटल से संबोधित होने वाले लाभदायक से अवगत कराया।मौके पर अनिल कुमार सुनील यादव,पिंटू कुमार,मंजित कुमार, अजय कुमार एवं काफी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

## ट्रक के चपेट में आने से दो युवक घायल, रेफर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**





बरही थाना अंतर्गत करियातपुर निवासी चंदन केशरी उम्र 18 वर्ष पिता शिव कुमार, राजा जयसवाल उम्र 24 वर्ष पिता अनिल जयसवाल ट्रक के चपेट में आने से गंभीर रुप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी अनुसार दोनों युवक गांव गांव जाकर चावल खरीदते थे। इसी क्रम में चारमाइल के समीप इनकी टेंपो को वाहन ने अपने चपेट में ले लिया। जिससे टेंपो में सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी मिलने पर आस पास के लोगो ने उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया । जहाँ से प्रा. थमिक उपचार के बाद गंभीरावस्था में सदर अस्पताल हज़ारीबाग रेफर कर दिया गया।

APEM LIVE

## सोशल मीडिया पर झूठी अफवाह ना फैलाएं : रोहित सिंह

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही सर्किल इंसेक्टर रोहित सिंह ने बरहीवासियों से अपील करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर कई तरह के तथ्यहीन, झूठे एवं हिंसक विडीयो पोस्ट कर समाज मे अशांति फैलाने का काम कर रहे है। जिसका हज़ारीबाग पुलिस द्वारा वैसे तत्वों को चिन्हित किया गया है तथा वैसे लोगो पर कठोर करवाई की जा रही है। अतः आप सभी से अपील है कि इस प्रकार का कोई भी वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट ना करे अन्यथा आपके खिलाफ भी कानूनी कार्यवाई की जाएगी।

APEM LIVE NEWS
सच का साथी

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## प्रधान मंत्री आवास योजना का बी डी ओ एवं जिला समन्वयक ने किया जांच

### आवास का पैसा लेकर आवास नहीं बनाने वालों को दस दिन का दिया समय

### दस दिनों में आवास का काम नहीं शुरू करने वाले का राशि का होगा रिकवरी या मुकदमा दर्ज : बी डी ओ

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



कान्हाचट्टी : प्रखण्ड में प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि लेकर आवास का कार्य नहीं करने वालो से जिला एवं प्रखण्ड प्रशासन शख्ती से निपटने की तैयारी कर चुकी है।प्रखण्ड के सभी दस पंचायतों में दर्जनों ऐसे लाभुक हैं जिन्हें आवास योजना का प्रथम क़िस्त,या अंतिम क़िस्त भी जा चुका है वैसे लाभुकों पर जिला के दिशा निर्देश पर कार्रवाई होगी।ऊक्त बातें गुरुवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के जांच के क्रम में बी डी ओ सह सीओ हुलास महतो ने कही।श्री महतो ने बताया कि जिला को बार बार सूचना प्राप्त हो रहा था कि आवास योजना के दर्जनों ऐसे लाभुक हैं जो पैसा लेकर आवास को नहीं बना रहे हैं जिसके आलोक में जिला के निर्देश पर गुरुवार को आवास योजना के जिला कोड़ीनेटर ने आवास योजना की जांच के लिए प्रखण्ड में आए थे।बी डी ओ श्री महतो ने पत्रकारों को बताया कि जो पैसा लेकर आवास को नहीं बना रहे है उनको दस दिनों की समय दिया गया है।जो दस दिनों के अंदर काम को शुरू नहीं करेंगे उन्हें नोटिश करते हुए पैसे की रिकवरी और मुक. दमा भी दर्ज किया जाएगा।. उन्होंने कहा कि सरकार कच्चे मकान या गरीबो को घर बनाकर रहने के लिए दे रही है और पैसा लेकर आवास नहीं बनाएंगे उन्हें प्रशासन कभी भी नहीं बख्शेगी।मौके पर कई लोग शामिल थे।

## पी एच डी की मनमानी,बगैर राजस्व कर्मचारी के निर्माण करा रहा है जल मीनार

### अंचल कार्यालय को जलमीनार निर्माण की नहीं है कोई जानकारी

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



कान्हाचट्टी : पी एच डी के मनमानी रवैये का मामला प्रकाश में कान्हाचट्टी परखण्डवके जमरी पंचायत के डोंडागड़ा से आया है।बताते चलें कि डोंडागड़ा गांव में पी एच डी विभाग से जलमीनार का निर्माण किया जा रहा है ।जिसमे जिस जमीन में निर्माण कार्य किया जा रहा है उसका राजस्व कर्मचारी रिपोर्ट नहीं लगाया गया है।बगैर राजस्व कर्मचारी रिपोर्ट या बगैर अंचल के स्थल जांच रिपोर्ट के निर्माण कार्य किया जा रहा है।मजे की बात तो ये है कि जिस जगह पर जलमीनार का निर्माण कार्य हो रहा है वह डोंडागड़ा में न बनाकर हेसापरम में बनाया जा रहा है।डोंडागड़ा के ग्रामीणों ने इनकी शिकायत अंचल अधिकारी कान्हाचट्टी से किया तो अंचल अधिकारी सह बी डी ओ हुलास महतो ने गुरुवार को राजस्व कर्मचारी को जांच के लिए भेजा।जिसके बाद अंचल निरीक्षक अभय रंजन ने बनाए जा रहे निर्माण की जांच की। उन्होंने कहा कि जिस जगह पर निर्माण कार्य हो रहा है वो हेसापरम में पड़ता है अब जांच किया जा रहा है कि निर्माण कार्य खाता 20 हेसापरम के ग़ैरमजरूवा भूमि में बन रहा है कि दूसरे र०यती जमीन पर जांच कर अंचल को रिपोर्ट सुपुर्द करेंगे।प्राप्त जानकारी के अनुशार रैयती जमीन हो या ग़ैरमजरूवा सरकारी कार्य कराने या सरकारी राशि खर्च करने के पहले अंचल से जमीन की स्थल जांच होता है।या रैयती जमीन पर सरकारी कार्य होता है तो जमीन दाता को राज्यपाल के नाम से रजिस्ट्री करना पड़ता है।तब निर्माण कार्य किया कराया जाता है। डोंडागड़ा के ग्रामीणों ने अंचल अधिकारी सह बी डी ओ एवं जिला प्रशासन से हेसापरम के पर्सनल एक ब्यक्ति गिशेष के जमीन से हताकर ग़ैरमजरूवा जमीन पर निर्माण की मांग किया है।

**क्या कहते हैं अंचल अधिकारी** : कान्हाचट्टी अंचल अधिकारी हुलास महतो ने इस बावत पूछे जाने पर कहा कि जानक. ।री मिली है,जांच किया जा रहा है।अभी तक राजस्व प्रतिवेदन अंचल से नहीं लिया गया है।रैयति जमीन हो या ग़ैरमजरूवा सरकारी कार्य के पहले स्थल जांच अनिवार्य है।यदि विभाग एन ओ सी नहीं लिया है तो कार्रवाई के लिए संवेदक और पी एच डी के खिलाफ लिखेंगे।

## कान्हाचट्टी अंचल के सभी हल्का में आपसी बंटवारा एवं दाखिल खारिज के लिए शिविर का होगा आयोजन

### 12 फरवरी को हल्का एक से शुरू होकर हल्का पांच 17 फरवरी तक लगेगा शिविर

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**




कान्हाचट्टी :12 फरवरी से कान्हाचट्टी अंचल क्षेत्र वासियों के लिए आपसी बं. टवारा एवं उसके दाखिल खारिज के लिए विशेष शि. विर का आयोजन किया गया है।गुरुवार को अंचल कार्यालय से एक आम ला. ेगो के लिए सूचना जारी किया गया ,जिसमे कहा गया है कि उपायुक्त चतरा के पत्रांक 431 दिनांक 4 फरवरी 2022 के निर्देश के आलोक में कान्हाचट्टी अंचल के हल्कावार शिविर लगाने का निर्देश प्राप्त हुआ है।जिसके आलोक में 12 फरवरी से 17 फरवरी तक हल्कावार शिविर का आयोजन किया गया है।ि. जसमे 12 फरवरी 2022 को हल्का एक के बेंगोकला में,14 फ़रवरी को हल्का दो के तहशील कचहरी कान्हाचट्टी में,15 फरवरी को हल्का तीन के तहशील कचहरी कान्हाचट्टी में,16 फरवरी को हल्का चार के पंचायत सचिवालय चारु में एवं 17 फरवरी को हल्का पांच के पंचायत भवन बक. चुम्बा में शिविर लगेगा।ऊक्त आशय की जानकारी अंचल अधिकारी हुलास महतो एवं अंचल निरीक्षक अभय रंजन ने दी।जानकारी देते हुए कहा गया है कि जिन्हें आपसी बंटवारा या म्यूटेशन कराना हो वो पारिवारिक बं. टवारा का न०टरी पब्लिक से स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र,बंटवारा नामा के दस्. तावेज आदि लाना अनिवार्य होगा।

## कान्हाचट्टी प्रखण्ड के नौ पंचायत के डीलरों ने गटक गए दिसम्बर माह का प्रधान मंत्री कल्याण से मिलने वाला अनाज

### दस में नौ पंचायतों के डीलरों ने अधिकारियों के मिली भगत से कार्ड धारियों के बीच नहीं बांटे पी एम योजना का अनाज

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**





कान्हाचट्टी : एक तरफ जहां पूरे देश में कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के कारण गरीब लोगों को जीना एक तो पहले से ही दुश्वार हो गया है तो वही झारखंड राज्य के चतरा जिले के कान्हाचट्टी परखण्ड में खुलेआम गरीबों का निवाला तक को भी उनके थाली से छीन लिया जा रहा है। श्कोढ़ में खाजश्की उक्ति को चरितार्थ करता चतरा जिले में गरीबों के हक और अधिकार पर कुंडली जमाए बैठे आपूर्ति विभाग में मग. रमच्छ का रूप धारण किये सरकारी बाबूयो के मिल. ीभगत से दिसम्बर माह का प्रधानमंत्री गरीब जन कल्याण योजना मद का लगभगव2500 क्विंटल अनाज गरीबों को भूख मिटाने के बजाय अनाज माफियाओं के साथ गोदाम से ही सेटिंग कर बेच दिया गया। और तो और इस मामले में अबतक प्रखण्ड प्रशासान या जिला प्रशासन संज्ञान तक नहीं लिया। बताते चलें कि प्रत्येक माह राज्य सरकार से 3200 क्विंटल और प्रधान मंत्री कल्याण अनाज वितरण योजना से 3200 क्विंटल अर्थात लगभग 6400 क्विंटल अनाज दस पंचायत के 56 डीलरों को राशन कार्ड धारियों को बांटने के लिए मिलता है।लेकिन इसबार दिसम्बर माह का पी एम अनाज योजनक को जन वितरण प्रणाली के दुक. ।नदारों ने दिसम्बर माह का पी एम अनाज को बेच डाला।ग्रामीणों को अनाज नहीं मिलने से राशन कार्ड धारियों में प्रखण्ड प्रशासान पर खासा नाराजगी है।ग्रामीणों ने उपायुक्त से जांच करवाकर कर डीलरों और एम ओ पर कार्रवाई की मांग करते हुए राशन कार्ड धारियों को दिसम्बर माह का अनाज वितरण करवाने की मांग किए हैं।

## विष्णुगढ़ में बिजली चोरी में 11 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ में बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें 11 लोग अवैध रूप से बिजली का उपभोग करते हुए पाए गए। सभी आरोपियों के खिलाफ विष्णुगढ़ थाना में बनासो विद्युत आपूर्ति शाखा के कनीय अभियंता कुनुराम मुर्मू की शिकायत पर केस दर्ज किया गया है। इनमें चेड़रा के बर्तन दुकानदार राजन कुमार, अखाड़ा चौक के अरविंद कुमार, नवादा चरनखिया के नौशाद तहजीम रजा, समशूल अंसारी, मकशूद आलम, हुसैन अंसारी, सरदार राम, अख्तर अंसारी, नवादा करबला चौक में ए टू जेड प्रिंटिंग प्रेस के मो आरिफ, आसिफ फैशन टेलर के मो मुमताज अंसारी तथा सैलून दुकानदार अनिल ठाकुर शामिल हैं। इनमें आवासीय उपभोग करने वाले लोगों को 8593 रुपये तथा वाणिज्यिक उपभोग करने वाले दुकानदारों को 12375 रुपये का क्षतिपूर्ति राशि तय किया किया गया है। इसके अलावा बकाया बिल का भुगतान करना होगा। छापेमारी दल में कनीय अभियंता के अलावा मानव दिवसकर्मी इब्राहिम अंसारी, उमेश रविदास, नागेश्वर साव, संतोष कुमार पटेल तथा प्रकाश कुमार महतो समेत अन्य विद्युतकर्मी शामिल थे।

खबरो के लिए संपर्क करें: 9550809864

खबरो के लिए संपर्क करें: 9550809864

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## 14 वें वित्त आयोग से लुकोईया में जल मीनार की पानी टंकी हुआ ब्लास्ट

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : प्रखंड के आंगों पंचायत अंतर्गत ग्राम लुकोईया में 14 वें वित्त आयोग राशि से सौर प्लेट जल मीनार का निर्माण किया गया था। मंगलवार सुबह पानी की टंकी ब्लास्ट हो गया। उधर उरेज क०लोनी में लगाए गए जल मीनार का पानी टंकी फट गया है। जिसके कारण टंकी का पानी पूरी तरह लिक कर जा रहा है। उक्त जल मीनार निर्माण कार्य वैष्णवी इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन के द्वारा कराई गई थी । पानी टंकी घटिया क्वालिटी की है।वहीं मामले को लेकर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि महादेव हँसदा से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मेरी जानकारी में है दोनों टंकी से पानी कई दिनों से लिक कर जा रहा था। वैष्णवी इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन रामगढ़ के द्वारा पूरे




प्रखंड में सोलर प्लेट जल मीनार लगाया गया था।प्रत्येक जल मीनार में 2 लाख 5 हजार रुपए की लागत राशि से निर्माण कराई गई थी । वही संवेदक ने कहा कि यह 2017-18 का योजना था हमारी जवाबदेही मात्र 2 वर्ष की होती है। उसके बावजूद भी मैंने संबंधित जनप्रतिनिधि को रिपेयरिंग के लिए कहा था आगे उन्होंने बताया कि वाटर कोई रिएक्शन नहीं करता और बड़का गांव की मौसम फिलहाल ठंडा है इसलिए ब्लास्ट नहीं हो सकता। ब्लास्ट होने पर टंकी दशा और दिशा भिन्न हो जाता है।वहीं ग्रामीणों का कहना है कि सूचना होने के बावजूद भी जल मीनार की रिपेयरिंग नहीं की जाती है जिससे हम ग्रामीणों को पानी की समस्या को लेकर जूझना पड़ता है। वही मुखिया प्रति. निधि ,संवेदक एवं ग्रामीणों का अलग - अलग व्यान से लोगों में संशय बना हुआ है कि आखिर टंकी फटा तो कैसे फटा यह जांच का विषय है।

## विधायक अंबा प्रसाद की पहल पर अंबाटोला एवं चेलंगदाग के बीच हहारो नदी पर पुल निर्माण का रास्ता साफ

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : बड़कागांव प्रखंड के आगों पंचायत के अंबाटोला एवं चेलंगदाग के बीच हहारो नदी पर पुल के निर्माण का रास्ता लगभग साफ हो गया है। जल्द ही ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल विभाग द्वारा उक्त पुल निर्माण हेतु निविदा प्रकाशित की जाएगीद्य विधायक अंबा प्रसाद ने बताया कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में कई पुलों के निर्माण के लिए लगातार लगी हुई थी ।इसी कड़ी में हहारो नदी पर पुल निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है ।जल्दी



निविदा की प्रक्रिया शुरू कर काम को धरातल पर उतारा जाएगाज्ञात हो कि ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल हजारीबाग के अधिकारियों की टीम ने उक्त नदी पर पुल निर्माण का निरीक्षण एवं संभाव्यता प्रतिवेदन बनाकर विभाग में भेजा था प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त होने के मौके पर अंबा प्रसाद ने बताया कि इस पुल के निर्माण हो जाने से बड़कागांव प्रखंड के ग्राम अंबाटोला, चेलंगदाग, फटरियापानी, झीकझोर, बोटका, सुखलकटवा, बुंडू, लो. हरसा, पचडा, बटुका, लुकइया, सिंगारसराय आगो समेत कई गांवों के हजारों लोग लाभान्वित होंग

## 24 घंटे बाद उपस्वाथ्य केंद्र से उठा शव, मिला मुआवजा

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

प्रखंड के चौयकला में संचा. लित स्वास्थ्य उपकेंद्र में नर्स पर इलाज में लापरवाही मामला गुरुवार को शांत हो गई। 24 घंटे बाद परिजनों ने मुआवजा की मांग पूरी होने के बाद मृतिका रूबी देवी का शव शाम साढ़े चार बजे अस्पताल से उठा कर ले गए। मृतिका के बच्चों की परवरिश के लिए एक लाख रुपए मुआवजा नर्स देगी, जिसमे 25 हजार समझौता के बाद तत्काल दी और 75 हजार रुपए 17 फरवरी को दिया जाएगा। महिला के मृत्यु के बाद बीते दिन परिजनों ने अस्पताल का घेराव कर नर्स पर कारवाई की मांग कर रहे थे। आक्रोशित परिजनों ने देर शाम ईटखोरी रोड के महारा. जगंज चौक सड़क जाम कर



विरोध करने लगे। पूर्व विधायक मनोज यादव, थाना प्रभारी स्वपन महतो सामा. जिक, राजनीति कार्यकर्ता के साथ परिजनों को समझाने के बाद जाम तो हट गई, लेकिन परिजन शव को अस्पताल में रखकर उचित मुआवजा पर अड़े रहे। सामुदायिक अस्पताल प्रभारी डॉ० भुवनेश्वर गोप के पहल पर मुआवजा राशि तय होने के बाद परिजनों ने शव को ले गए। देर शाम दाह संस्कार किया जाएगा। मृतिका बेला पंचायत के ग्राम अकुर. हवां का रहने वाली थी।

APEM
LIVE

## शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में उमड़े श्रद्धालु

### महाराष्ट्र के बाल ब्रह्मचारी श्याम प्रभु ने इंजीनियरिंग का पेशा त्याग ईश्वर भक्ति को बनाया जीवन का आधार

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**






बिगहा बाजार राजा गढ परिसर में आयोजित श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ सह श्री हनुमत महायज्ञ द्वितीय वार्षिक महोत्सव में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। महायज्ञ के दूसरे दिन प्रवचन मंच के उद्घाटन में सदर विधायक मनीष जयसवाल, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने उपस्थित होकर मंगल आरती में हिस्सा लिया तथा महायज्ञ में आए महंतों और संतो से आशीर्वाद ग्रहण किया। इस दौरान यज्ञ समिति के प्रयासों की चर्चा करते हुए नेताओं ने कहा कि आनंद चंद्रवंशी तथा हनुमंत सेवा संस्थान के सभी सदस्यों का यह प्रयास वाकई प्रशंसनीय है। बीते लगातार तीन साल से महायज्ञ का आयोजन कर धार्मिक कार्यों के प्रचार प्रसार कर पूरे समाज के समक्ष मिसाल पेश कर रहे हैं । इसके पूर्व महंत फलाहारी बाबा तथा तारापीठ के खडेश्वरी बाबा ने दीप प्रज्वलित कर प्रवचन की शुरुआत की। प्रवचन की शुरुआत करते हुए इस्क०न रांची भूटान से आए श्याम ब्रज विलास प्रभु ने भक्ति तथा भग. वान के संबंध में विस्. तार से चर्चा की। कहा कि केवल भक्ति और नेक भाव से ही ईश्वर की असीम अनुकंपा पाई जा सकती है। जहां तर्क की शक्ति खत्म हो वहीं भगवान की भक्ति शुरू होती है।अनंत काल से भगवान की भक्ति करते आ रहे हैं। इस संसार में लोगों का जितना नाम है, प्रसिद्धि है वह सीमित है परंतु भगवान राम का गुणगान खत्म नहीं हो सकता। जिसके उपर भगवान और गुरु कृपा मिले वह हर असंभव कार्य कर सकता है। कहा कि कितने भी वर्त, अनुष्ठान कर लें पाप की इच्छा हृदय से निकालने के लिए भगवत कथा श्रवण आवश्यक है। मन के पाप को नष्ट करने के लिए हरि कथा श्रवण की इच्छा ही काफी है। परंतु भागवत कथा श्रवण नित्य दिन की आवश्यकता है। आत्मा का भोजन हरिकथा है। इसी भोजन से पाप कर्म दूर हो जाते हैं। इस दौरान यज्ञ समिति द्वारा सदर विधायक मनीष जायसवाल, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव , जिप सदस्य रामस्वरूप पासवान, चतरा भाजपा नेता मनोज सिंह समेत सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर आनंद चंद्रवंशी , संजय सिंह, रामचंद्र सिंह, विजय साहू , अभिषेक सिंह, प्रकाश साहु, विवेक सिंह, पंकज सिंह, ओम चंद्रवंशी, प्रेम चंद्र वंशी, शिवेश सिंह, मनीष सिंहा , बलराम यादव, कामदेव प्रजापति सहित एक समिति के सैकड़ों सदस्य मौजूद रहे।

श्याम प्रभु ने जीवन ईश्वर को समर्पित किया

सतारा महाराष्ट्र के रहने वाले युवा संत श्याम ब्रज विलास प्रभु ने अपना सर्वस्व ईश्वर की भक्ति के लिए समर्पित कर दिया है । पेशे से कंप्यूटर इंजीनियर रहे श्याम प्रभु ने कंप्यूटर इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी कर समाज में अध्यात्मिक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से इंजीनियर बनने की बजाय समाज प्रवर्तक बनना पसंद किया। उन्होंने इंजीनियरिंग के बाद वृंदावन से भक्ति शास्त्र की शिक्षा एवं ब्रह्म मध्य गोंडीय संप्रदाय से दीक्षा प्राप्त करने के पश्चात अपने गुरु के निर्देश पर संपूर्ण भारत में अर्जित की गई शिक्षा का गुरुकुलों के माध्यम से अध्यापन करने का कार्य बीते कई सालों से आरंभ किया है । इसी क्रम में उन्हें झारखंड में काम करने का मौका मिला। उन्होंने बताया कि ईश्वर की भक्ति तथा आध्यात्मिक शक्ति का मेल होने से समाज को मजबूती मिलेगा। इसी उद्देश्य से प्रचार प्रसार जारी है।

## रूपेश पांडेय के हत्यारों को हो फांसी की सजारू राजेश मेहता

### विहिप ने की घटना की निंदा, कार्रवाई की मांग

**अपेम लाइव : पदमा**
**सुमन मेहता**

पदमा प्रखंड के विश्व हिंदू परिषद के उपाध्यक्ष राजेश मेहता ने सरकार और प्रशासन से रूपेश पांडेय के हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। दोषियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाए। ऐसे लोग सभ्य समाज का दुश्मन होते हैं। इसलिए इस तरह के आपरा. धिक प्रवृत्ति के लोगों का सामाजिक बहिष्कार




होनीं चाहिए। यह घटना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। ।उन्होंने इस घटना पर दुख प्रकट करते हुए कहा कि रुपेश के परि. जनों को तब तक न्याय नही मिल पायेगा श जब तक उनका दोषीको पकड़ा नहीं जाएगा।. उनको परिवारों के दुख की घड़ी में हम हमेशा साथ हैं, विश्व हिंदू परिषद हमेशा सहयोग करता रहेगा। एक मां ने अपने कलेजे के टुकड़े को खो दिया। उन्होंने यह भी कहा कि जल्द से जल्द दोषियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो प्रशासन पर सवाल उठना लाजिमी हो जाएगा।

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## अंचलाधिकारी और सीडीपीओ का नदारत होना बना ग्रामीणों के परेशानी का सबब : 20 सूत्री अध्यक्ष

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**





गावां, गिरिडीह : गावां प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय से अंचलाधिकारी और सीडीपीओ की लगातार अनुपस्थिति अब ग्रामीणों के परेशानियों का सबब बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि लगभग एक सप्ताह से अंचलाधिकारी गायब है वही लगभग चार महीने से सीडीपीओ के नदारत की चर्चाएं है। ग्रामीणों के शिकायत पर गावां 20 सूत्री अध्यक्ष अजय सिंह स्वयं जायजा लेने कार्यालय पहुंचे तो अंचलाधिकारी और सीडीपीओ दोनों गायब मिले। पता चला कि प्रतिदिन 15-20 किलोमीटर का सफर तय कर लोग यहां दिखिल खारिज करवाने, जाति आवासीय बनवाने, जमीन राशिद या अन्य कई कार्यों से आते है लेकिन पदाधिकारियों के उप. स्थित नही रहने के कारण उन्हें मायूस होकर बिना काम करवाये वापस लौट जाना होता है। उक्त पदाधिकारियों के अनुपस्थित के बारे में जब 20 सूत्री अध्यक्ष ने प्रभारी बीडीओ संतोष प्रजापति से पूछा तो पता चला कि उक्त पदाधिकारियों के अनुपस्थिति का कारण बीडीओ को भी नही पता है अर्थात बीडीओ के द्वारा भी संतोषजनक जवाब नही मिल पाया। ऐसे में 20 सूत्री अध्यक्ष अजय सिंह ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि इस तरह पा. धिकारियों का नदारत होना बिल्कुल भी ठीक नही है। उन्होंने जिला उपायुक्त से मांग करते हुए कहा कि ऐसे पदा. धिकारियों पर कार्यवाई की जाए और तत्काल उनके स्थान पर किन्ही को प्रतिनियुक्त किया जाए ताकि ग्रामिणों को परेशानियों से निजात मिल सके।




## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,बरगंडा में भंडारा का आयोजन किया गया।

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,बरगंडा गिरीडीह में भंडारा का आयोजन किया गया। प्राचार्य शिव कुमार चौधरी ने बताया कि मां सरस्वती मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा सह प्रतिमा स्थापना हेतु नौ दिन का चंडी पाठ रखा गया।यह शुभ कार्य को पुजारी सतीश मिश्रा ने पूर्ण कराया। नवमी के दिन पूजन- हवन के पश्चात नौ कन्या का पूजन पूरे विधि विधान और मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ।तत्पश्चात विद्यालय के भैया-बहन एवं गणमान्य बंधुओं ने बैठकर प्रसाद ग्रहण किया।पूजा-हवन में सबों के कल्याण के लिए माता भगवती से प्रार्थना की गई।
कार्यक्रम को सफल बनाने में अजीत मिश्रा,नागमणि सिंह, अनिल कुमार,कृष्ण कुमार,रा. जेन्द्र लाल बरनवाल एवं समस्त आचार्य-दीदी का सराहनीय योगदान रहा।

